


IISER
TIRUPATI

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं
अनुसंधान संस्थान तिरुपति

INDIAN INSTITUTE OF SCIENCE
EDUCATION AND RESEARCH TIRUPATI

- creating infinite possibilities...

वार्षिक प्रतिवेदन/Annual Report
2020-2021

IISER
TIRUPATI

वार्षिक प्रतिवेदन/Annual Report

2020-2021



उद्धरण
आईआईएसईआर तिरुपति वार्षिक प्रतिवेदन 2020-21
तिरुपति, आन्ध्र प्रदेश, भारत

प्रकाशक
प्रो. के.एन. गणेश
निदेशक
अस्थायी परिसर:
श्री रामा इंजीनियरिंग कॉलेज
करकम्बाडी रोड, मंगलम (बी. ऑ.),
तिरुपति 517 507
दूरभाष: +91 877 2500 400
फैक्स: +91 877 2500 250
वेबसाइट: www.iisertirupati.ac.in

मुख्य संपादक
प्रो. जी. अम्बिका
डॉ. अन्नपूर्णा देवी अल्लू

सहायक संपादक
डॉ. ई. बालारमन
डॉ. आर. लक्ष्मी लावण्या
डॉ. तपन सी. अध्यापक
श्री के. मुरुगराज

हिन्दी अनुवाद
श्री नितिन केशरवानी
आईआईएसईआर पुणे

फोटो सौजन्य
आईआईएसईआर तिरुपति के संकाय, कर्मचारी और छात्र
© इस प्रकाशन का कोई भी भाग उपर्युक्त पते पर दिए गए निदेशक, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान तिरुपति की अनुमति के बिना पुन: प्रकाशित नहीं किया जा सकता है।

मुद्रक
एन्सन एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग, पुणे
ईमेल: ansonorama@gmail.com

मुख पृष्ठ
अनुसंधान विषयों को प्रस्तुत करता है।



विषय–सूची

शासन प्रणाली

प्राक्कथन

परिसर का अद्यतनीकरण	1
कोविड–19 अनुसंधान और नैदानिक प्रयोगशाला	10
कोविड–19 के खिलाफ लड़ाई में आईआईएसईआर तिरुपति	12
शैक्षिक पाठ्यक्रम	14
नए संकाय और कर्मचारी सदस्य	18
प्रस्तुत पाठ्यक्रम	19
छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियाँ	27
छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियाँ	33
संकाय पुरस्कार	34
संकाय सदस्यों की शैक्षिक गतिविधियाँ	35
बाहरी अनुसंधान परियोजनाएँ	57
आईजीईएम स्वर्ण पदक	66
दीक्षांत समारोह 2020	67
अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय सहयोग	70
कार्यक्रम	73
महत्वपूर्ण दिवस समारोह	83
औपचारिक वार्तालाप	88
विभागीय वेबिनार	89
समाचार पत्रों में आईआईएसईआर तिरुपति की खबरें	91
आउटरीच गतिविधियाँ	95
छात्र गतिविधियाँ	102
वैज्ञानिक प्रतिवेदन	106
लेखा	140



शासन प्रणाली

शासक मंडल

अध्यक्ष

प्रो. आशुतोष शर्मा, सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (दिनांक 06 सितम्बर 2020 तक)

प्रो. ज्येष्ठराज भालचंद्र जोशी, अवकाश प्राप्त प्रोफेसर, आईसीटी मुम्बई (दिनांक 07 सितम्बर 2020 से)

सदस्य

श्री अमित खरे, सचिव, उच्चतर शिक्षा, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार (दिनांक 10 फरवरी 2021 तक)

श्री राकेश रंजन, अपर सचिव, उच्चतर शिक्षा, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार – सचिव, शिक्षा मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा नामित (दिनांक 11 फरवरी 2021 से)

प्रो. के. एन. गणेश, निदेशक, आईआईएसईआर तिरुपति

प्रो. अनुराग कुमार, निदेशक, आईआईएससी बेंगलुरु (दिनांक 31 जुलाई 2020 तक)

प्रो. गोविन्दन रंगराजन, निदेशक, आईआईएससी बेंगलुरु (दिनांक 01 अगस्त 2020 से)

प्रो. भास्कर रामामूर्ति, निदेशक, आईआईटी मद्रास

डॉ. त्रिलोचन मोहपात्रा, सचिव (डीएआरई) एवं महानिदेशक, आईसीएआर (दिनांक 29 जनवरी 2021 तक)

डॉ. के. एन. व्यास, सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग (दिनांक 29 जनवरी 2021 तक)

श्रीमती नीलम साहनी, मुख्य सचिव, आन्ध्र प्रदेश (दिनांक 31 दिसम्बर 2020 तक)

श्री आदित्यनाथ दास, मुख्य सचिव, आन्ध्र प्रदेश (दिनांक 01 जनवरी 2021 से)

प्रो. बी. जे. राव, प्रोफेसर, आईआईएसईआर तिरुपति

प्रो. डी. एस. नागराज, प्रोफेसर, आईआईएसईआर तिरुपति (दिनांक 21 जनवरी 2021 तक)

प्रो. विजयमोहनन के. पिल्लै, प्रोफेसर, आईआईएसईआर तिरुपति (दिनांक 22 जनवरी 2021 से)

प्रो. एच. एस. सावित्री, प्रोफेसर, आईआईएससी

डॉ. पंकज सूद, प्रधान वैज्ञानिक, केवीके, हिमाचल प्रदेश

श्रीमती दर्शना डबराल, संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

सचिव

डॉ. सी. पी. मोहन कुमार, कुलसचिव, आईआईएसईआर तिरुपति

वित्त समिति

अध्यक्ष

प्रो. आशुतोष शर्मा, सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (दिनांक 06 सितम्बर 2020 तक)

प्रो. ज्येष्ठराज भालचंद्र जोशी, अवकाश प्राप्त प्रोफेसर, आईसीटी मुम्बई (दिनांक 07 सितम्बर 2020 से)

सदस्य

श्री अमित खरे, सचिव, उच्चतर शिक्षा, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार (दिनांक 10 फरवरी 2021 तक)

श्री राकेश रंजन, अपर सचिव, उच्चतर शिक्षा, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार – सचिव, शिक्षा मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा नामित (दिनांक 11 फरवरी 2021 से)

प्रो. के. एन. गणेश, निदेशक, आईआईएसईआर तिरुपति

श्रीमती दर्शना डबराल, संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

सुश्री इन्दुमति श्रीनिवासन, वित्तीय नियंत्रक, आईआईएससी, बेंगलुरु (दिनांक 21 जनवरी 2021 तक)

कर्नल जी. राजा सेखर, कुलसचिव, आईआईएसईआर पुणे (दिनांक 22 जनवरी 2021 से)

डॉ. आर. प्रेमकुमार, कुलसचिव, आईआईटी बॉम्बे

सचिव

डॉ. सी. पी. मोहन कुमार, कुलसचिव, आईआईएसईआर तिरुपति

अभिषद्

अध्यक्ष

प्रो. के. एन. गणेश, निदेशक, आईआईएसईआर तिरुपति

सदस्य

प्रो. बी. जे. राव, प्रोफेसर, आईआईएसईआर तिरुपति

प्रो. डी. एस. नागराज, प्रोफेसर, आईआईएसईआर तिरुपति

प्रो. विजयमोहनन के. पिल्लै, प्रोफेसर, आईआईएसईआर तिरुपति

प्रो. के. एन. सत्यनारायण, निदेशक, आईआईटी तिरुपति

प्रो. एस. शंकरारमन, प्रोफेसर, आईआईटी मद्रास

प्रो. पी. शैलजा, प्रोफेसर, हैदराबाद विश्वविद्यालय

डॉ. राजेश विश्वनाथन, सहयोगी प्रोफेसर, आईआईएसईआर तिरुपति

डॉ. रामकुमार सम्बासिवन, सहयोगी प्रोफेसर, आईआईएसईआर तिरुपति

डॉ. शिवकुमार वल्लभपुरपु, सहयोगी प्रोफेसर, आईआईएसईआर तिरुपति

डॉ. राजू मुखर्जी, सहायक प्रोफेसर, आईआईएसईआर तिरुपति

डॉ. रघुनाथ ओ. रामभद्रन, सहायक प्रोफेसर, आईआईएसईआर तिरुपति

डॉ. वेंकटसुब्रमणियन सी जी, सहायक प्रोफेसर, आईआईएसईआर तिरुपति

डॉ. अनिकेत चक्रवर्ती, सहायक प्रोफेसर, आईआईएसईआर तिरुपति

डॉ. सुदीप्ता दत्ता, सहायक प्रोफेसर, आईआईएसईआर तिरुपति

सचिव

डॉ. सी. पी. मोहन कुमार, कुलसचिव, आईआईएसईआर तिरुपति

भवन एवं निर्माण समिति

अध्यक्ष

प्रो. के. एन. गणेश, निदेशक, आईआईएसईआर तिरुपति

सदस्य

प्रो. बी. जे. राव, प्रोफेसर, आईआईएसईआर तिरुपति

डॉ. सी. पी. मोहन कुमार, कुलसचिव, आईआईएसईआर तिरुपति

डॉ. रमेश श्रीकोंडा, अधिष्ठाता, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, विजयवाड़ा

इंजी. सुशांत बलिगा, अपर महानिदेशक (सेनि.), सीपीडब्ल्यूडी, नई दिल्ली

श्री मोहन खेमाणी, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता (विद्युत), सीपीडब्ल्यूडी, नई दिल्ली

सचिव

श्री पी. वी. नारायण राव, अधीक्षण अभियंता, आईआईएसईआर तिरुपति

वर्ष 2020–21 के दौरान शासन प्रणाली की बैठकें

शासन प्रणाली की बैठक	बैठक की तिथि	स्थान
शासक मंडल की 11वीं बैठक	11.06.2020	ऑनलाइन
शासक मंडल की 12वीं बैठक	13.11.2020	परिचालन द्वारा
शासक मंडल की 13वीं बैठक	22.01.2021	ऑनलाइन
वित्त समिति की 10वीं बैठक	11.06.2020	ऑनलाइन
वित्त समिति की 11वीं बैठक	22.01.2021	ऑनलाइन
अभिषद की 8वीं बैठक	20.05.2020	ऑनलाइन
अभिषद की 9वीं बैठक	12.11.2020	ऑनलाइन
अभिषद की 10वीं बैठक	22.12.2020	ऑनलाइन
अभिषद की 11वीं बैठक	26.03.2021	ऑनलाइन
भवन एवं निर्माण समिति की 9वीं बैठक	30.07.2020	परिचालन द्वारा
भवन एवं निर्माण समिति की 10वीं बैठक	08.09.2020	ऑनलाइन
भवन एवं निर्माण समिति की 11वीं बैठक	15.02.2021	ऑनलाइन

प्राक्कथन



वर्ष 2020 के दौरान संस्थान के लिए एक अच्छी खबर यह है कि सितम्बर 2020 में आईआईएसईआर तिरुपति के शासक मंडल के प्रथम नियमित अध्यक्ष के रूप में प्रोफेसर जे.बी. जोशी, एक बहुत ही प्रतिष्ठित रासायनिक अभियंता, उच्च ख्याति के अनुप्रयुक्त अनुसंधानकर्ता और एक उत्कृष्ट शिक्षक एवं संरक्षक, की नियुक्ति की गई। संस्थान बहुत भाग्यशाली है कि हमें मार्गदर्शन करने के लिए प्रो. जे. बी. जोशी जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं। मैं इस अवसर पर आईआईएसईआर पुणे के शासक मंडल को धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने वर्ष 2015-2017 के दौरान आईआईएसईआर तिरुपति का मार्गदर्शन किया, तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के उत्तरोत्तर सचिवों और प्रो. आशुतोष शर्मा (डीएसटी) जो संस्थान के प्रारम्भिक वर्षों के दौरान आईआईएसईआर तिरुपति के संचालन के लिए अंतरिम अध्यक्ष थे। आज, आईआईएसईआर तिरुपति में लगभग 600 बीएस-एमएस छात्र और 200 एकीकृत पीएचडी / पीएचडी / पोस्ट डॉक्टरेट छात्र और 49 संकाय हैं।

लॉकडाउन के दिन: वर्ष 2020-21 हाल के इतिहास में पूरी दुनिया के लिए उन कारणों से अभूतपूर्व रहा है जो हम सभी जानते हैं। संस्थान ने दिनांक 21 मार्च, 2020 को सभी छात्रों के परिसर छोड़ने के साथ कोविड के कारण पहला लॉकडाउन लगाया। अप्रैल के पहले हफ्ते में ही हमने जी-मीट प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हुए ऑनलाइन व्याख्यान शुरू कर दिए। उनमें से कई के पास उपयुक्त उपकरणों की कमी के बावजूद छात्रों की प्रतिक्रिया उत्साही थी। ब्लैकबोर्ड के बजाय कम्प्यूटर स्क्रीन का सामना करने वाले शिक्षकों और छात्रों के लिए भी यह एक नया अनुभव था। मई के महीने में, हमने महामारी पर नया वैकल्पिक पाठ्यक्रम शुरू किया, जिसमें इतिहास, समाजशास्त्र और पिछले सभी महामारियों से कोविड तक के विज्ञान को शामिल किया गया था और अब यह पाठ्यचर्या में नियमित पाठ्यक्रम बन गया है। छात्रों को मध्य-सेमेस्टर परीक्षाओं और निरंतर मूल्यांकन में उनके प्रदर्शन के आधार पर स्प्रिंग 2020 के पाठ्यक्रमों में श्रेणीबद्ध किया गया था। हालाँकि, दिसम्बर 2020 में, टीसीएस प्लेटफॉर्म का उपयोग करके ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की गई थी ताकि छात्रों को अपने ग्रेड में सुधार करने की इच्छा होने पर अपने घर से वैकल्पिक परीक्षा दे सके।

जुलाई, 2020 में ग्रीष्म अवकाश के दौरान, संस्थान ने छात्रों को वास्तविक कक्षा अनुभव देने के लिए आवश्यक सभी हार्डवेयर जैसे कैमरा, इलेक्ट्रॉनिक लेखन सतह आदि के साथ छह कक्षाओं को अपग्रेड किया। संस्थान द्वारा इस अवधि का उपयोग टच फ्री हैंड सैनिटाइज़र, सेंसर्स के साथ ऑटो हैंड वॉश टैप को लगाकर कोविड प्रोटोकॉल को लागू करने के लिए शैक्षणिक भवन और छात्रावास के कमरों को अपग्रेड करने, तथा शारीरिक दूरी बनाए रखने के लिए भोजन हॉल और अनुसंधान प्रयोगशालाओं को पुनर्व्यवस्थित करने के लिए किया गया था। शैक्षणिक वर्ष 2020–21 अगस्त में शुरू हुआ, सभी पाठ्यक्रमों को पूरी तरह से ऑनलाइन प्रस्तुत किया गया, प्रयोगशाला पाठ्यक्रमों को छोड़कर जो वर्ष 2021 की गर्मियों के दौरान आयोजित किए जाने वाले थे। संस्थान को अक्टूबर 2020 की शुरुआत में व्यक्तिगत रूप से पीएचडी छात्रों के लिए और दिसम्बर 2020 में पाँचवें वर्ष के परियोजना छात्रों के लिए खोला गया। किसी भी छात्र को परिसर से बाहर निकलने की अनुमति दिए बिना और घर में उनकी जरूरतों की व्यवस्था किए बिना छात्रावास का जीवन प्रारम्भिक अंत स्थिति में था। सख्त कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के बावजूद, वायरस ने छात्रावास के जीवन में घुसपैठ करना शुरू कर दिया, सकारात्मक मामले जनवरी 2021 तक तेजी से सामने आए। सकारात्मक मामलों को शहर में कोविड देखभाल केन्द्रों में संगरोध के लिए भेजा गया था, जबकि प्राथमिक और माध्यमिक संपर्कों को आइसोलेशन कमरों में रखा गया था तथा स्वास्थ्य क्लिनिक के कर्मचारियों द्वारा निगरानी की गई थी। फरवरी 2021 तक, छात्रावास के भीतर मामलों की संख्या बढ़ने लगी, जिससे समर्थन प्रणालियों पर बहुत अधिक दबाव पड़ा। अधिकांश छात्र प्रयोगशालाओं में जाने में असमर्थ थे क्योंकि वे संगरोध में या आइसोलोशन में थे। इस अवधि के दौरान, संस्थान ने पूरी तरह से अपने बजट से एक कोविड परीक्षण केन्द्र की स्थापना की और फरवरी 2021 के अंत तक इसने काम करना शुरू कर दिया। इसने आईसीएमआर / आन्ध्र प्रदेश सरकार से अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त किया और राज्य के स्वास्थ्य विभाग से परीक्षण के लिए नमूने प्राप्त करना शुरू कर दिया।

मार्च 2021 में, दूसरी लहर के आने के संकेत के साथ, संस्थान ने छात्रावास में रहने वाले छात्रों को अंतर्राज्यीय यात्रा प्रतिबंध लागू होने से पहले घर लौटने के लिए कहने का निर्णय लिया। संस्थान की कोविड परीक्षण प्रयोगशाला में सभी छात्रों का नि:शुल्क परीक्षण किया गया और उन्हें सुरक्षित यात्रा करने में सक्षम बनाने के लिए प्रमाण पत्र जारी किए गए। लगभग 30 पीएचडी छात्र अपना शोध जारी रखने के लिए रुके थे। हालाँकि संस्थान फिजिकली बंद था, फिर भी सभी शैक्षणिक गतिविधियाँ ऑनलाइन हुईं।

प्रथम दीक्षांत समारोह: संस्थान का पहला दीक्षांत समारोह दिनांक 26 अगस्त, 2020 को ऑनलाइन आयोजित किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. के. कस्तूरीरंगन, भूतपूर्व अध्यक्ष, इसरो और एनईपी 2020 के निर्माता थे। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता अंतरिम अध्यक्ष प्रो. आशुतोष शर्मा (सचिव, डीएसटी) ने श्री अमित खरे, सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय की उपस्थिति में की। 35 छात्रों के अग्रणी 2015 बैच ने अपनी बीएस और एमएस डिग्री ऑनलाइन प्राप्त की। उच्चतम सीजीपीए वाले छात्र के लिए संस्थान का स्वर्ण पदक श्री रणदीप रॉय (भौतिक विज्ञान) को और सर्वांगीण प्रदर्शन के साथ सर्वश्रेष्ठ स्नातक छात्र का पुरस्कार सुश्री जलजा मधुसूदनन को प्रदान किया गया।

नोबेल संध्या: संस्थान में दिनांक 7 नवम्बर, 2020 को नोबेल संध्या का आयोजन किया गया था, जिसके दौरान वर्ष 2020 नोबेल पुरस्कार विषयों पर व्याख्यान (अक्टूबर 2020 के पहले सप्ताह में घोषित) दिए गए थे – डॉ. सुचि गोयल द्वारा ''डिस्कवरी ऑफ हेपेटाइटिस सी वायरस बाइ हार्वे अल्टर एंड चार्ल्स राइस''; डॉ. अश्वनी शर्मा और डॉ. विजी सुब्रमणियन ने ''CRISPR-Cas 9 फॉर जीनोम एडिटिंग बाइ इमानुएल कारपेंटर एंड जेनिफर डौडना''; डॉ. अरुणिमा बनर्जी द्वारा ''सुपरमैसिव कॉम्पेक्ट ऑब्जेक्ट एट द सेन्टर ऑफ ऑर गैलेक्सी बाइ रेनहार्ड जेनजेल एंड एंड्रिया गेज़'' और प्रो. वी. परमेश्वरन नायर (सिटी कॉलेज ऑफ न्यूयॉर्क, यूएसए) द्वारा ''ब्लैकहोल फॉर्मेशन प्रेडिक्टेड बाइ जनरल थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी बाइ रोजर पेनरोज''।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस: राष्ट्रीय विज्ञान दिवस दिनांक 27 फरवरी, 2021 को मनाया गया, जिसमें अशोक विश्वविद्यालय के जाने-माने प्रतिरक्षाविज्ञानी प्रो. शाहिद जमील ने ''कोविड-19 की वर्तमान स्थिति'' और अगस्त्य फाउंडेशन के संस्थापक श्री रामजी राघवन ने ''अत्यधिक सक्षम छात्रों के बीच आउटरीच गतिविधि'' विषय पर बात की। संस्थान ने उच्चतर माध्यमिक, मध्यवर्ती और पूर्वस्नातक स्तर पर छात्रों की भागीदारी के साथ वर्चुअत विज्ञान मेला भी आयोजित किया। इसमें कई महत्वपूर्ण सामाजिक विज्ञान विषयों जैसे सौर और पवन ऊर्जा का संचयन, इलेक्ट्रॉनिक और कृषि अपशिष्ट का पुनरुत्पादन, लाभकारी उद्देश्यों के लिए बैक्टीरिया को वश में करना, पर्यावरण के अनुकूल लम्बे समय तक चलने वाली बैटरी, रोग निदान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोग आदि पर छात्र प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। अगस्त्य फाउंडेशन के साथ आईआईएसईआर तिरुपति के संकाय (प्रो. बी. जे. राव, प्रो. जी. अम्बिका, डॉ. राजू मुखर्जी, और डॉ. सी. जी. वेंकटसुब्रमणियन) ने महामारी के दौरान हर रविवार को नवोदय स्कूलों के शीर्ष छात्रों के साथ वैज्ञानिक जाँच की भावना पैदा करने और उन्हें विज्ञान की नवीनतम विज्ञान घटनाओं में प्रेरित करने के लिए बातचीत की।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस: दिनांक 07-08 मार्च, 2021 के दौरान मनाया गया। दिनांक 07 मार्च, 2021 को आईआईएसईआर तिरुपति में महिला वैज्ञानिक मंच, वीक्षणा द्वारा महिला दिवस वेबिनार का आयोजन किया गया था। आईआईटी बॉम्बे की प्रो. नीला नटराज ने 'एक गणितज्ञ की यात्रा' और भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान, बेंगलुरु के प्रो. प्रज्वल शास्त्री ने 'लिंग समानता: साक्ष्य-आधारित हस्तक्षेप की तलाश' विषय पर व्याख्यान दिया। दिनांक 08 मार्च, 2021 को, छात्रों ने संस्थान के युवा एसटीईएम सितारों को प्रदर्शित करते हुए पैनल चर्चा का आयोजन किया।

दिनांक 29 मार्च को, भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु के निदेशक प्रो. गोविन्दन रंगराजन द्वारा ''ब्रेन मशीन इंटरफेस'' विषय पर **छठा स्थापना दिवस** व्याख्यान दिया गया। प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर में सर्वश्रेष्ठ छात्र के लिए सीएनआर राव एजुकेशनल फाउंडेशन पुरस्कार के साथ-साथ छात्रों को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए कई अन्य पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर संकाय सदस्यों एवं प्रशासन और सहायक कर्मचारियों के लिए प्रशंसा पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन परिसंवाद: दिनांक 25 मई, 2020 को वक्ताओं के रूप में डॉ. मनोहरन (अलनीलम फार्मा, बोस्टन), और प्रो. जेनिफर हीम्स्ट्रा (एमोरी यूनिवर्सिटी, यूएसए), प्रो. पिनाकी तालुकदार (आईआईएसईआर पुणे) और प्रो. टी. गोविन्दराजू (जेएनसीएएसआर) के साथ केमबायोसिस का आयोजन किया गया था। इसके बाद प्रोफेसर एस. संपत (आईआईएससी, बैंगलोर), एम. वी. संगारनारायणन (आईआईटी मद्रास), डॉ. एन. कलैसेल्वी और डॉ. एम. शैजुमोन (आईआईएसईआर तिरुवनंतपुरम) के साथ विद्युत रसायन विज्ञान में भविष्य के रुझानों पर ऑनलाइन परिसंवाद हुआ। दिनांक 24-29 अगस्त, 20021 के दौरान आन्ध्र प्रदेश जैविक विज्ञान शिक्षक मंच के सदस्यों के लिए 'विषय संवर्धन' पर व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। जीव विज्ञान विभाग ने दिनांक 25 जुलाई, 2020 को भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रख्यात वक्ताओं के साथ एक अर्ध दिवसीय तंत्रिका विज्ञान सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें डॉ. वेंकटेश मूर्ति (हार्वर्ड विश्वविद्यालय), डॉ. विदिता वैद्य (टीआईएफआर मुम्बई), डॉ. अर्णब घोष (आईआईएसईआर पुणे), डॉ. वेंकटकृष्णन रामास्वामी (बीआईटीएस पिलानी, हैदराबाद), डॉ. अर्जुन रामकृष्णन (आईआईटी कानपुर) और प्रो जी. अम्बिका (आईआईएसईआर तिरुपति) शामिल थे। इंटरसिटी संख्या सिद्धान्त सम्मेलन सीएमआई, आईएमएससी, आईआईटी चेन्नै, आईआईटी तिरुपति और आईआईएसईआर तिरुपति के गणितज्ञों की पहल है, जो संख्या सिद्धान्त और संबंधित क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। श्रृंखला के तीसरे संस्करण को दिनांक 26-28 अगस्त, 2020 के दौरान आईआईटी चेन्नै द्वारा ऑनलाइन होस्ट किया गया था। वक्ताओं में जोएल बेलाश (ब्रैंडिस यूनिवर्सिटी), शालिनी भट्टाचार्य (आईआईएसईआर तिरुपति), ऐश ए. बुरुंगले (कैलटेक), महेश काकड़े (आईआईएससी), चान-हो किम (केआईएएस), अनिर्बन मुखोपाध्याय (आईएमएससी), डी. एस. नागराज (आईआईएसईआर तिरुपति), अणा-मारिया वॉन पिप्पिच (टीयू

डार्मस्टेड), दीपेन्द्र प्रसाद (आईआईटी बॉम्बे), रघुराम (आईआईएसईआर पुणे), सी.एस. राजन (टीआईएफआर), जिष्णु रे (यूनिवर्सिटी ब्रिटिश कोलंबिया), संदीप रेपाका (आईआईएसईआर तिरुपति), गुंजा सचदेवा (आईआईएसईआर तिरुपति), फ्लोरियन स्प्रंग (एरिज़ोना राज्य) और के. श्रीनिवास (आईएमएससी) शामिल थे। आईआईएसईआर तिरुपति और एनसीबीएस बैंगलोर ने दिनांक 14–18 सितम्बर, 2020 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हम्बोल्ट दिवस मनाने के लिए दुनिया भर के प्रमुख जैव भूगोलज्ञों से बातचीत के सेट का सह–आयोजन किया। दिनांक 14–25 सितम्बर, 2020 के दौरान आईआईएसईआर तिरुपति द्वारा स्टार सहयोग के भौतिकी कार्यक्रम में हालिया सैद्धांतिक और प्रयोगात्मक प्रगति पर चर्चा करने के लिए स्टार सहयोग बैठक का आयोजन किया गया था। यह 14 देशों के 68 संस्थानों से बना है, जिसमें कुल 742 सहयोगी हैं। प्रमात्रा पदार्थ और प्रौद्योगिकी पर हालिया शोध को प्रदर्शित करने के लिए भौतिकी दिवस 2020 के हिस्से के रूप में ''क्वांटमटाइन – आईआईएसईआर तिरुपति'' का आयोजन किया गया था।

समझौता ज्ञापन: वर्ष 2020–2021 के दौरान, संस्थान ने अनुसंधान सहयोग, छात्रों / संकाय आदान–प्रदान और संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों / विश्वविद्यालयों के साथ कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। इनमें शामिल हैं – (i) सभी आईआईएसईआर का इकोले नॉर्मले सुपरियरेस डी ल्योन (ईएनए फ्रांस – कचन, ल्योन, पेरिस और रेनेस) के साथ समझौता ज्ञापन (ii) बीएस–मिश्रित कार्यक्रम के लिए मेलबर्न विश्वविद्यालय (ऑस्ट्रेलिया) और एसवी विश्वविद्यालय (तिरुपति) के साथ संयुक्त समझौता ज्ञापन (iii) टेंपल यूनिवर्सिटी, फिलाडेल्फिया के साथ समझौता ज्ञापन (iv) मैक्स प्लैंक संस्थानों (जर्मनी) के साथ अम्ब्रेला आईआईएसईआर समझौता ज्ञापन का विस्तार (v) संयुक्त पूर्वस्नातक पाठ्यक्रमों और संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं के लिए आईआईटी तिरुपति के साथ समझौता ज्ञापन (vi) किसानों को उत्पादकता बढ़ाने के लिए सटीक कृषि और पादप जीव विज्ञान पर आईआईटी तिरुपति के साथ संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रम के लिए आचार्य एनजी रंगा कृषि विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन। आईआईएसईआर तिरुपति भी तिरुपति शिक्षा समूह का एक हिस्सा है जिसमें आईआईटी तिरुपति, एसवी विश्वविद्यालय और श्री पद्मावती महिला विश्वविद्यालय शामिल हैं ताकि संयुक्त शैक्षणिक और अनुसंधान परियोजनाओं के स्थानीय विकास को सक्षम बनाया जा सके और सभी संस्थागत बुनियादी ढाँचे को साझा किया जा सके। (vii) वैज्ञानिक अनुसंधान का लाभ उठाकर सुरक्षा और सुरक्षा उपायों को प्रस्तुत करने में पुलिस चुनौतियों के लिए स्मार्ट समाधान तैयार करने के लिए और न्यायिक विज्ञान पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए आन्ध्र प्रदेश राज्य के पुलिस विभाग के साथ समझौता ज्ञापन। (viii) जल शक्ति मंत्रालय, भारत द्वारा वित्त पोषित गंगा नदी बेसिन प्रबंधन और अध्ययन केन्द्र में भाग लेने के लिए आईआईएसईआर तिरुपति और आईआईटी कानपुर के बीच समझौता ज्ञापन।

छात्रों के कैरियर के अवसर: यूएस–इंडिया एजुकेशनल फाउंडेशन (यूएसआईईएफ) की क्षेत्रीय अधिकारी (हैदराबाद) डॉ. मोनिका सेतिया और डॉ. निर्मला के. (आईआईएसईआर तिरुपति) ने संयुक्त राज्य अमेरिका में पीएचडी पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन की प्रक्रिया पर दिनांक 28 जुलाई, 2020 को संवादात्मक सत्र का आयोजन किया। दिनांक 13 अगस्त, 2020 को नान्यांग टेक्नोलॉजिकल इंस्टिट्यूट (एनटीयू), सिंगापुर के डॉ. सुमोद पुलारकट और डॉ. मणिकांत मरास्वामी ने सिंगापुर में स्नातक अनुसंधान के अवसरों पर सत्र का आयोजन किया। आईआईटी तिरुपति के डॉ. अंबरीश सक्सेना ने दिनांक 3 अक्टूबर, 2020 को आईआईएसईआर तिरुपति के 60 छात्रों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किया, ताकि उन्हें फार्मा उद्योग में अवसरों से अवगत कराया जा सके। इस कार्यक्रम में, छात्रों ने शैक्षणिक से औद्योगिक वातावरण में परिवर्तन (ट्रांजिशनिंग) की चुनौतियों पर काबू पाने के बारे में सीखा। उन्हें सार लेखन (रिज्यूम), डिग्री आवश्यकताओं (मास्टर बनाम डॉक्टरेट) और उद्योग में पद के लिए साक्षात्कार में खुद को तैयार करने के लिए बहुत आवश्यक अंतर्दृष्टि प्रदान की गई थी। टेंपल यूनिवर्सिटी, फिलाडेल्फिया, यूएसए के डॉ. एरिक बोरगुएट ने दिनांक 30 अक्टूबर, 2020 को सामान्य और विशेष रूप से टेंपल यूनिवर्सिटी में यूएस स्नातक आवेदन और प्रवेश पर आयोजित प्रश्नोत्तरी सत्र में छात्रों के साथ बातचीत की।

छात्रों के लिए पुरस्कार: मैं गर्व के साथ यह सूचित करना चाहता हूँ कि आईआईएसईआर तिरुपति की आईजीईएम टीम ने नवम्बर 2020 के दौरान बोस्टन में अंतर्राष्ट्रीय आईजीईएम ऑनलाइन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। टीम ने ''कोली काज़'' पर अपनी परियोजना प्रस्तुत की। संस्थान को इस बात की खुशी है कि यह हमारी आईजीईएम टीम के लिए लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है, जिन्होंने वर्ष 2019 में ''कोको कोली'' पर अपनी परियोजना के लिए अपना पहला स्वर्ण पदक जीता था। हर्षा (गणित), अंजली कुमारी सिंह (जीव विज्ञान) और रेशमा बाबू (रसायन विज्ञान) को वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री अनुसंधान अध्येतावृत्ति (पीएमआरएफ) से सम्मानित किया गया, जबकि डेरेक गोम्स (भौतिक विज्ञान) और पूजा यादव (रसायन विज्ञान) को वर्ष 2021 में पीएमआरएफ के लिए चुना गया। दिब्या साहा ने थिंक स्विस अध्येतावृत्ति के माध्यम से डॉ. जॉन मैकिनी के समूह में ईपीएफएल, लुसाने में 3 महीने की इंटर्नशिप प्राप्त की। रंजीता आर ने भी अपनी एमएस थीसिस के लिए नवम्बर, 2020 से डॉ. नताचा जिलेट के साथ काम करने के लिए ईएनएस ल्योन (फ्रांस) में इंटर्नशिप हासिल की। शुभ्रा सिंघल और श्रेयस पारिखे को मित्तल फाउंडेशन से महामारी के दौरान प्राकृतिक प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के लिए परियोजना हेतु उनकी अवधारणा के लिए 10,000/- का सीड फॉर चेंज ग्रांट मिला और डॉ. वसुधारानी देवनाथन द्वारा सलाह दी गई।

संकाय उपलब्धियाँ: प्रो. विजयमोहनन के. पिल्लै ने डीएसटी से जेसी बोस अध्येतावृत्ति प्राप्त की। डॉ. ई. बालारमन (रसायन विज्ञान) और डॉ. अरविन्दन वी. (रसायन विज्ञान) को क्रमशः रसायन विज्ञान और भौतिक विज्ञान में प्रतिष्ठित डीएसटी स्वर्णजयंती अध्येतावृत्ति के लिए चुना गया। डॉ. अन्नपूर्णा देवी अल्लू (जीव विज्ञान), डॉ. टी. कनागसेकरन (भौतिक विज्ञान) को आन्ध्र प्रदेश विज्ञान अकादमी के सहयोग अध्येता के रूप में चुना गया, जबकि डॉ. साईक्रांति (ईसीएस) को आन्ध्र प्रदेश विज्ञान अकादमी का युवा वैज्ञानिक पुरस्कार मिला। डॉ. विजयलक्ष्मी सुब्रमणियन (जीव विज्ञान) को वर्ष 2020-2021 के लिए प्रतिष्ठित वेलकम ट्रस्ट इंटरमीडिएट अध्येतावृत्ति से सम्मानित किया गया।

शोध प्रकाशन: संस्थान के संकाय ने कैलेंडर वर्ष 2020 में 134 शोध पत्र प्रकाशित किए, जो वर्ष 2019 की तुलना में 44 प्रकाशनों की वृद्धि है। यह महत्वपूर्ण है, इस तथ्य को देखते हुए कि महामारी के कारण संस्थान और इसकी प्रयोगशालाएँ 6 महीने से अधिक समय से पूरी तरह से बंद थीं। कुछ उच्च प्रभाव वाली पत्रिकाएँ जिनमें प्रकाशन प्रकाशित हुए हैं, वे हैं J Am Chem Soc, ACS Applied Energy materials, Org Letters, Phys. Rev. Lett (PRL), Chem. Sci., J. Mat Chem., J. Cell. Physiol., Biophys Rev., Small, ACS Catalysis, Cell, Nature Rev., Nature Comm., Nature Phys., आदि।

नई नियुक्तियाँ: प्रो. बी. जे. राव, जीव विज्ञान के अध्यक्ष एवं अधिष्ठाता (संकाय) दिनांक 31 मार्च, 2021 को सेवानिवृत्त हुए। हम भाग्यशाली हैं कि प्रो. रमेश सोंटी, सीसीएमबी के प्रख्यात पादप जीवविज्ञानी वैज्ञानिक, प्रो. बी. जे. राव के स्थान पर जीव विज्ञान के अध्यक्ष और अधिष्ठाता (संकाय) के रूप में आए हैं। डॉ. देबाशीष कोनेर (रसायन विज्ञान) और डॉ. हुसैन बुखिया (जीव विज्ञान) ने संस्थान में इन्स्पायर संकाय के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। श्री बालामुरुगन ने उप कुलसचिव (प्रशासन एवं शैक्षिक) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। श्री दीपक ने सहायक कुलसचिव (प्रशासन) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया, जबकि श्री वेंकटरत्नम ने कार्यालय सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

उत्कृष्टता केन्द्र: आईआईटी तिरुपति और आईआईएसईआर तिरुपति की संयुक्त पहल, परमाणु, आणविक और प्रकाश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र (सीएएमओएसटी) का उद्घाटन दिनांक 14 अगस्त, 2020 को डॉ. अरबिन्द मित्रा (वैज्ञानिक सचिव, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार का कार्यालय, भारत सरकार) द्वारा किया गया था। यह परमाणु, आणविक और प्रकाश (एएमओ) विज्ञान के सीमांत क्षेत्रों में प्रमुख चुनौतियों का समाधान करने वाला भारत का पहला केन्द्र है जो स्वास्थ्य, संचार, नेविगेशन, मेट्रोलॉजी, अंतरिक्ष, इंटरनेट और प्रमात्रा प्रौद्योगिकियों में अनुप्रयोगों के माध्यम से समाज को सीधे प्रभावित करता है। केन्द्र ने युवा अनुसंधानकर्ताओं के लिए अनुसंधान के सीमांत क्षेत्रों को अद्यतन करने के लिए प्रतिष्ठित परमाणु और आणविक भौतिकविदों के साथ दिनांक 14-18 दिसम्बर, 2020 के दौरान वेब सम्मेलन, AAMOS20 का आयोजन किया।

परिसर का विकास: येरपेडु में मुख्य परिसर का निर्माण सीपीडब्ल्यूडी को सौंपा गया था, जिन्होंने निविदा प्रक्रिया के माध्यम से अक्टूबर 2020 में ईपीसी मोड के अंतर्गत मेसर्स डीईसी कन्स्ट्रक्शन कम्पनी को ठेका दिया था। दिनांक 1 अक्टूबर, 2020 को भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया था और 21 विभिन्न भवनों की निर्माण गतिविधियाँ जोरों पर हैं। मार्च 2021 तक लगभग 10% की भौतिक प्रगति हासिल की जा चुकी है और कोविड की दूसरी लहर के दौरान श्रम और सामग्री की आपूर्ति की बाधाओं के कारण काम बुरी तरह बाधित हो गया था तथा अब गति तेज हो रही है। राज्य और नियामक प्राधिकरणों से सभी वैधानिक मंजूरी प्राप्त कर ली गई है। 26 किमी. पाइपलाइन बिछाने को कवर करने वाली, तेलुगु गंगा परियोजना से पानी की आपूर्ति की परियोजना आन्ध्र प्रदेश राज्य विभाग द्वारा निष्पादित की जा रही है और 75% से अधिक काम पूरा हो चुका है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण परिसर के कर्मचारी आवास की ओर से लेकर शैक्षणिक भवन की ओर तक अंडर पास का निर्माण कर रहे हैं। 6000 वर्ग मीटर के पूर्वस्नातक प्रयोगशाला ब्लॉक और 540 व्यक्तियों की आवास क्षमता के छात्रावास का निर्माण अब पूरा हो गया है। सभी प्रयोगशालाओं को सुसज्जित कर दिया गया है तथा व्याख्यान कक्ष और यंत्रीकरण कक्ष तैयार हैं। वर्ष 2019 और 2020 में दाखिल हुए बीएस-एमएस छात्रों के दो बैचों को इन छात्रावासों में रखा जाएगा और उनकी शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन इसी परिसर से किया जाएगा।

कोविड परीक्षण प्रयोगशाला: राज्य और देश में महामारी की स्थिति में हमारे योगदान के हिस्से के रूप में, संस्थान ने अस्थायी परिसर में BSL 2+ मानक की अत्याधुनिक कोविड परीक्षण सुविधा की स्थापना की। संस्थान की अभियांत्रिकी टीम द्वारा 2 महीने के रिकॉर्ड समय में सुविधा का तकनीकी डिजाइन और सभी कार्यों (सिविल, एएचयू, प्रयोगशाला फर्निशिंग, उपकरण प्रतिष्ठापन) का निष्पादन किया गया था। इसमें एक सुरक्षित सैम्पल रिसीविंग विंडो, सैंपल सॉर्टिंग कक्ष, आरएनए आइसोलेशन कक्ष, प्रोसेसिंग और आरटी-पीसीआर कक्ष, डॉफिंग कक्ष, ऑटोक्लेव और डेटा प्रोसेसिंग कक्ष तथा नकारात्मक दबाव कॉरिडोर के माध्यम से होने वाली परीक्षण प्रयोगशाला से डाउनस्ट्रीम प्रोसेसिंग में अवस्थांतरण की सुविधा है। इस सुविधा को आईसीएमआर द्वारा अनुमोदित किया गया है और आन्ध्र प्रदेश राज्य के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जनशक्ति (तकनीशियनों) और रीएजेन्ट किट की आपूर्ति का समर्थन किया है। इस सुविधा को एक ही दिन में परिणाम देने का अनूठा गौरव प्राप्त है और राज्य के स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त 50,000 से अधिक नमूनों का अब तक विश्लेषण किया जा चुका है। सुविधा की स्थापना को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए संस्थान डॉ. पाकाला सुरेश बाबू और इंदरप्रीत सिंह कोहली का ऋणी है। सार्वजनिक नमूनों के परीक्षण के अलावा, यह सुविधा आईआईएसईआर और आईआईटी तिरुपति के छात्रों और कर्मचारियों की तत्काल जरूरतों को पूरा करती है।

पीछे मुड़कर देखने पर मुझे खुशी होती है कि कोविड लॉकडाउन ने संस्थान के प्रदर्शन और गतिविधियों को ज्यादा प्रभावित नहीं किया। हम आगे एक उज्जवल वर्ष की आशा करते हैं और कोविड-19 की थकान को संकायों और छात्रों के उत्साह से दूर कर दिया जाएगा, जो घर पर लम्बी और कम गतिविधि अवधि के बाद परिसन में वापस आने का इंतजार कर रहे हैं।

मैं शासक मंडल और मंत्रालय के अधिकारियों को कोविड समय में आईआईएसईआर तिरुपति के सुरक्षित रूप से संचालन में उनके सभी समर्थन और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ।

के. एन. गणेश

08 सितम्बर, 2021

के. एन. गणेश

परिसर का अद्यतनीकरण



पूर्वस्नातक प्रयोगशाला भवन
बनकर तैयार होने के करीब



जीव विज्ञान प्रयोगशाला




रसायन विज्ञान प्रयोगशाला



भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला



पृथ्वी विज्ञान प्रयोगशाला



कम्प्यूटर प्रयोगशाला



व्याख्यान हॉल



भूमि पूजन समारोह
01 अक्टूबर, 2020





जी. एन. रामचंद्रन पुस्तकालय

जी. एन. रामचंद्रन पुस्तकालय ने संस्थान के छात्रों, संकायों और कर्मचारी सदस्यों के शिक्षण, अध्ययन और अनुसंधान की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए अगस्त 2015 से कार्य करना शुरू किया।

पुस्तकालय में पाठ्य पुस्तकों, सामान्य पुस्तकों और संदर्भ पुस्तकों जैसे विश्वकोश, शब्दकोश, प्रयोगशाला मैनुअल आदि का अच्छा संग्रह है। पुस्तकालय विभिन्न जर्नलों के लिए ऑनलाइन ऐक्सेस प्रदान करने के साथ-साथ बुनियादी विज्ञान एवं सम्बद्ध विषयों के क्षेत्र में संदर्भ ग्रंथ सूची और पूर्ण-पाठ डेटाबेस भी प्रदान करता है। पुस्तकालय ई-शोध सिंधु और आईआईएसईआर पुस्तकालय सहायता संघ का सदस्य है।

पुस्तकालय, पुस्तकालय के गृह प्रबंध कार्य के लिए कोहा एकीकृत पुस्तकालय प्रबंधन प्रणाली, ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर का उपयोग कर रहा है।

पुस्तकालय ने आईआईएसईआर तिरुपति के सब्स्क्राइब्ड ई-संसाधनों को ऑफ-कैम्पस ऐक्सेस प्रदान करने के लिए माईलोफ्ट रिमोट ऐक्सेस टूल की सदस्यता ली। निदेशक प्रो. के. एन. गणेश ने दिनांक 08 सितम्बर, 2020 को इस सेवा का उद्घाटन किया।



दिनांक 31 मार्च, 2021 तक पुस्तकालय के संग्रह आँकड़ें

पुस्तकें: 7785

नि:शुल्क पुस्तकें: 150

प्रिंट जर्नल्स/पत्रिकाएँ: 22

ई-जर्नल्स: 2200+

ई-डेटाबेस: 9

ऑनलाइन जर्नल संसाधन:

अमेरिकन एसोसिएशन फॉर कैंसर रिसर्च (एएसीआर)

अमेरिकन एसोसिएशन फॉर दि एडवान्समेन्ट ऑफ साइंस (एएएएस) - साइंस

अमेकिरन केमिकल सोसाइटी (एसीएस)

अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स (एआईपी)

अमेरिकन मैथमेटिकल सोसाइटी (एएमएस)

अमेरिकन सोसाइटी फॉर माइक्रोबायोलॉजी (एएसएम)

अमेरिकन सोसाइटी ऑफ प्लांट बायोलॉजिस्ट्स (एएसपीबी)

कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस (सीयूपी)

कोल्ड स्प्रिंग हार्बर लेबोरेटरी प्रेस (सीएसएचएलपी)

कम्पनी ऑफ बायोलॉजिस्ट्स

ईडीपी साइंसेज - एस्ट्रोनोमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (ए एंड ए)

जिओलॉजिकल सोसाइटी ऑफ अमेरिका (जीएसए) – जिओलॉजी

इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स (आईओपी)

नेशनल अकेडमी ऑफ साइंसेज, यूएसए–पीएनएएस

नेचर पब्लिशिंग ग्रूप (स्प्रिंगर नेचर)

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (ओयूपी)

रॉकफेलर यूनिवर्सिटी प्रेस (आरयूपी)

रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री (आरएससी)

रॉयल सोसाइटी पब्लिशिंग

ई–शोध सिंधु सहायता संघ के द्वारा ऐक्सेस प्रदान किया गया

अमेरिकन फिजिकल सोसाइटी (एपीएस)

एनुअल रिव्यूज

स्प्रिंगर लिंक 1700 कलेक्शन एंड नेचर जर्नल

ऑनलाइन डेटाबेस

बर्ड्स ऑफ द वर्ल्ड (बीओडब्ल्यू) – कोनेल लैब ऑफ ऑर्निथोलॉजी

साइफाइंडर–एन (केमिकल ऐब्स्ट्रैक्ट सर्विस, एसीएस)

दि अरेबिडोप्सिस इन्फॉर्मेशन रिर्सोस (टीएआईआर)

ई–शोध सिंधु सहायता संघ के द्वारा ऐक्सेस प्रदान किया गया

इंस्टीट्यूट फॉर स्टडीज इन इंडस्ट्रियल डेवलपमेन्ट (आईएसआईडी) डेटाबेस

जेएसटीओआर

मैथसाइनेट (अमेरिकन मैथमेटिकल सोसाइटी)

वेब ऑफ साइंस (क्लेरिवेट एनालिटिक्स)

ई–शोध सिंधु सहायता संघ के माध्यम से भारत के राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय के द्वारा ऐक्सेस प्रदान किया गया:

साउथ एशिया आर्काइव

वर्ल्ड ई–बुक लाइब्रेरी

लेखन सहायता टूल

Grammarly@edu

साहित्यिक चोरी संसूचन सॉफ्टवेयर (पीडीएस) – निम्नलिखित के माध्यम से इनफ्लिबनेट के द्वारा ऐक्सेस प्रदान किया गया शोध शुद्धि

यूआरकेयूएनडी

रिमोट ऐक्सेस सॉफ्टवेयर

माइलोफ्ट (माइ लाइब्रेरी ऑन फिंगरटिप्स)

स्वास्थ्य क्लिनिक

आईआईएसईआर तिरुपति के स्वास्थ्य क्लिनिक में आईआईएसईआर तिरुपति के छात्रों और कर्मचारियों की स्वास्थ्य देखभाल की जरूरतों को पूरा करने के लिए दो चिकित्सा अधिकारी, एक नर्स और एक एम्बुलेन्स सुविधा है। क्लिनिक सभी चिकित्सा आपात स्थितियों का प्रबंधन करता है और प्राथमिक चिकित्सा उपचार प्रदान करता है। नियमित सहायता, रेफरल सेवाएँ, पुरानी बीमारियों के लिए नियमित दवाओं का प्रावधान आदि क्लिनिक की नियमित गतिविधियाँ हैं।

क्लिनिक आईआईएसईआर तिरुपति समुदाय की स्वास्थ्य देखभाल की जरूरतों को पूरा करने के लिए नजदीकी अस्पताल सुविधाओं, औषध और नैदानिक केंद्रों के साथ समन्वय करता है।

आईआईएसईआर स्वास्थ्य योजना के तहत चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों को, सीजीएचएस के आधार पर पर स्वास्थ्य क्लिनिक के माध्यम से संसाधित किया जाता है।

कोविड–19 की महामारी के दौरान, क्लिनिक ने सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सकारात्मक मामलों की प्रारम्भिक पहचान, संपर्क ट्रेसिंग और प्रभावितों के उपचार में ट्रिपल टी दृष्टिकोण – (ट्रेसिंग, परीक्षण, उपचार) का पालन किया। क्लिनिक सभी उपकरणों जैसे ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर, बीआईपीएपी मशीन, पल्स ऑक्सीमीटर, नेब्युलाइज़र आदि से लैस है और कोविड–19 के रोगी की जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक कोविड दवाओं से लैस है।

क्लिनिक समर्पित देखभाल के साथ सभी के स्वास्थ्य पर ध्यान केन्द्रित करता है।

लॉकडाउन, 2020–21 के दौरान शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन

आईआईएसईआर तिरुपति अपनी शैक्षिक गतिविधियों को पूरे जोरों पर ऑनलाइन शुरू करने वाले प्रारम्भिक संस्थानों में से एक है और विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए नियमित पाठ्यचर्या का पालन कर रहा है। अप्रैल 2020 से 90% से अधिक छात्र ऑनलाइन व्याख्यानों और परीक्षाओं में भाग ले रहे हैं।

आईआईएसईआर तिरुपति जी–मीट और जूम प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अप्रैल 2020 से ऑनलाइन शिक्षण कर रहा है। व्याख्यानों के बीच अंतराल के साथ नियमित समय–सारणी के साथ ऑनलाइन कक्षाएँ संचालित की जा रही हैं ताकि छात्रों को लगातार व्याख्यान नहीं देखना पड़ें। संकायों को आवश्यक हार्डवेयर – माइक्रोसॉफ्ट सर्फेस प्रो, आईपेड्स, इलेक्ट्रॉनिक पेन्सिल आदि की सुविधा प्रदान की गई है।

छात्रों को वास्तविक कक्षा अनुभव देने हेतु ब्लैकबोर्ड शिक्षण, लाइव स्ट्रीम के लिए छ: कक्षाओं को उपयुक्त कैमरों और रिकॉर्डिंग उपकरणों से लैस किया गया है। वे हाइब्रिड मोड में कई कार्यक्रम आयोजित करने में भी मदद करते हैं।





सी वी रमन और रामानुजन हॉल को दो कैमरों के साथ देशी बोर्ड कैप्चरिंग के लिए उपयोग किया जाता है ताकि बोर्ड और लिखित कक्षा सामग्री दोनों को कैप्चर किया जा सके जो छात्रों को जी–मीट के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। व्याख्याता की आवाज लैपल माइक के माध्यम से जी–मीट में प्रेषित की जाती है। व्याख्याता कक्षा में व्यवस्थित टीवी स्क्रीन के माध्यम से व्याख्यान में शामिल हुए छात्र को देख सकते हैं।

दो बड़ी कक्षाओं में, जी–मीट के माध्यम से छात्रों के साथ लिखित कक्षा सामग्री को आसानी से साझा करने के लिए बोर्ड को सर्फेस बुक प्रो द्वारा बदल दिया गया है। व्याख्याता को कवर करने के लिए कैमरा लगाया गया है और व्याख्याता का व्यू पीआईपी मोड में छात्रों को दिखाया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, आवश्यकता के आधार पर व्यू को व्हाइट बोर्ड और कैमरा व्यू के बीच भी स्विच किया जा सकता है। यदि कोई छात्र फिजिकली कक्षा में शामिल हो रहा है, तो वही व्हाइट बोर्ड प्रोजेक्टर पर प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त , आवश्यकता के आधार पर देशी बोर्ड को कवर करने के लिए एक अतिरिक्त कैमरा लगाया जा सकता है।

उन्नत स्तर के पाठ्यक्रमों के लिए उपयोग की जाने वाली दो अन्य कक्षाओं में, जी–मीट के माध्यम से छात्रों के साथ लिखित कक्षा सामग्री को आसानी से साझा करने के लिए बोर्ड को डिजिटल पोडियम में फिक्स्ड टच मॉनीटर से बदल दिया गया है।





जैसा कि दुनिया कोविड-19 से जूझ रही है, संक्रामक रोगों पर पाठ्यक्रम विकसित करने की लगातार आवश्यकता है, विशेष रूप से वे जो संभावित रूप से एक महामारी में बदल सकते हैं। आईआईएसईआर तिरुपति ने ग्रीष्म 2020 के दौरान महामारी रोग और हस्तक्षेप पर पाठ्यक्रम की पेशकश की। मौजूदा महामारी पर ध्यान देने, लेकिन अतीत से संबंधित लोगों का व्यापक विश्लेषण प्राप्त करने के साथ, इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में वैश्विक स्वास्थ्य संकट के प्रति वैज्ञानिक जागरूकता बढ़ाना है। छात्रों की मांग के कारण यह पाठ्यक्रम अब मानसून सेमेस्टर में बीएस-एमएस, एकीकृत पीएचडी और पीएचडी छात्रों के लिए नियमित पाठ्यक्रम के रूप में जोड़ा गया है।

स्थिति की समीक्षा करने के लिए कोविड कार्य बल की नियमित बैठक होती है तथा कोविड उपयुक्त सुरक्षा और व्यवहार संबंधी मानदंडों पर समेकित दिशा-निर्देश जारी किए हैं और इनकी नियमित रूप से समीक्षा की जाती है तथा समय-समय पर दिशा-निर्देशों को प्रबलित किया जाता है। निदेशक महोदय ने भी छात्रों को समय-समय पर संबोधित किया। अध्यक्ष, सीओएसए (छात्र मामलों की समिति) नियमित रूप से उन छात्रों और अभिभावकों से बातचीत करते हैं जिन्हें परामर्श की आवश्यकता होती है। सीओएसए ने संस्थान के परामर्शदाता, योर दोस्त और कुछ बाहरी परामर्शदाताओं के साथ छात्रों के लिए कई सत्र / वेबिनार आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में अधिकांश छात्रों ने भाग लिया।

संकाय और कर्मचारियों ने ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से महामारी के दौरान निरंतर अध्ययन की सुविधा के लिए उन छात्रों को लैपटॉप खरीदने और प्रदान करने के लिए स्वैच्छिक योगदान दिया, जिनके पास लैपटॉप नहीं था और वह उसको खरीदने का खर्च नहीं उठा सकते थे।

छात्रों को संस्थान के संकाय के साथ-साथ बाहरी संकाय दोनों द्वारा आयोजित कई ऑनलाइन कार्यशालाओं और सेमिनारों में भाग लेने की सुविधा प्रदान की जाती है। ऑनलाइन ट्यूटोरियल की व्यवस्था की जाती है और सभी व्याख्यानों के वीडियो रिकॉर्ड किए जाते हैं तथा सभी छात्रों के साथ संवादात्मक सत्र साझा किए जाते हैं।


अप्रैल 2020 से, आईआईएसईआर तिरुपति सभी पाठ्यक्रमों के लिए प्रोक्टर्ड ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कर रहा है। परीक्षा और मूल्यांकन आसान प्रारूपों एवं समय-सारणी में आयोजित किए गए ताकि छात्रों को तनाव न हो। टीसीएस और कोड तंत्र प्लेटफॉर्म का उपयोग प्रोक्टर्ड परीक्षा आयोजित करने के लिए किया गया और इसके लिए छात्रों और शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया तथा सभी छात्रों को आसानी से ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए अनुकूलित किया गया।

अप्रैल 2020 से सभी प्रायोगिक प्रयोगशाला पाठ्यक्रमों को रद्द करना पड़ा। संस्थान ने वर्चुअल लैब कोर्स सॉफ्टवेयर खरीदा है तथा इसे शिक्षकों और छात्रों के बीच परिचित कराने की प्रक्रिया में है।

छात्रों के परिसर में आने पर पाठ्यक्रमों को करने के लिए स्थायी परिसर में बड़ी क्षमता वाली नई पूर्वस्नातक प्रयोगशालाएँ पूरी की जा रही हैं। बीएस-एमएस 2017 के वरिष्ठ छात्रों को उन्नत भौतिकी प्रयोगशाला प्रयोगों के लिए परिसर में बुलाया गया था। छात्रों को वीपीएन के माध्यम से रिमोट ऐक्सेस द्वारा संस्थान के कम्प्यूटर ऐक्सेस करने के साथ सैद्धान्तिक अभिकलनात्मक विषयों के लिए प्रयोगशाला पाठ्यक्रम आयोजित किए गए थे। इस पाठ्यक्रम को चुनने वाले छात्रों को बुलाकर जैव सूचना विज्ञान में प्रयोगशाला पाठ्यक्रम व्यक्तिगत रूप से आयोजित किया गया था। सभी सत्र कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आयोजित किए गए।

बीएस-एमएस 2016 और एकीकृत पीएचडी 2018 के छात्रों को उनकी प्रयोगशाला आधारित परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अक्टूबर 2020 और मार्च 2021 के बीच चरणबद्ध तरीके से बैचों में परिसर में बुलाया गया था। एमएस थीसिस के छात्रों को अपनी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय दिया गया।

एक संस्थान के रूप में, आईआईएसईआर तिरुपति स्वास्थ्य देखभाल और पोषण से संबंधित परियोजनाओं पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए संकाय को प्रोत्साहित करने और इसके लिए कोविड अभिविन्यास देने को भी महत्व देता है। आईआईएसईआर तिरुपति की डॉ. वसुधारानी देवनाथन ने पीपीई को साफ करने के लिए रोगाणुनाशन इकाई विकसित करने में आईआईटी तिरुपति टीम की मदद की।



आईआईटी तिरुपति में पोर्टेबल ऑप्टिकल कैविटी रोगाणुनाशन इकाई का निर्माण किया गया और एसईआरबी कोविड अनुदान के तहत आईआईएसईआर तिरुपति में जैविक परीक्षण किया गया।

कोविड समय के दौरान विकसित किया गया एक अन्य उपकरण BLAAST है, जो ब्लोअर एडेड एयर स्टरलाइज़र है जो गर्म कक्षों में हवा के लिए पर्याप्त निवास समय सुनिश्चित करता है ताकि कोरोना वायरस और हवा में मौजूद अन्य सूक्ष्म जीवों को निष्क्रिय कर दिया जाए। यह उपकरण एक पोर्टेबल उपकरण है और इसे कहीं भी जैसे अस्पताल या आइसोलेशन कक्ष या कोविड वार्ड में रखा जा सकता है। यह रोगी के बिस्तर के पास की हवा को खींच लेता है और इसे गर्म हवा से जीवाणुरहित कर सकता है तथा वातावरण को जीवाणुरहित रखते हुए बाहरी की हवा को रोगाणुहीन कर सकता है। ओपुस्टेज हॉस्पिटैलिटी सॉन्यूशन्स, बैंगलोर से श्री वी. आर. श्रीकुमार के साथ इस परियोजना में आईआईटी तिरुपति से डॉ. सुनील कुमार और आईआईएसईआर तिरुपति से डॉ. वसुधारानी देवनाथन भागीदार हैं।

कोविड–19 अनुसंधान और नैदानिक प्रयोगशाला

जैसा कि शिक्षा मंत्रालय ने महामारी के खिलाफ लड़ाई में राष्ट्र के साथ खड़े होने का सुझाव दिया था और आन्ध्र प्रदेश सरकार के अनुरोध पर, आईआईएसईआर तिरुपति ने अस्थायी परिसर में अत्याधुनिक कोविड–19 नमूना परीक्षण सुविधा (नकारात्मक दबाव के साथ BSL–2 प्रयोगशाला) की स्थापना की। इस सुविधा को बाद में आईसीएमआर द्वारा मान्यता प्राप्त और अनुमोदित किया गया है। दिनांक 4 नवम्बर, 2020 को कोविड–19 परीक्षण सुविधा का उद्घाटन किया गया। कोविड–19 प्रयोगशाला कोविड–19 संदिग्ध नमूनों के परीक्षण के लिए आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों जैसे स्वचालित RNA आइसोलेशन मशीन, CFX384 टच रियल टाइम पीसीआर डिटेक्शन सिस्टम, डक्टिंग के साथ BSL2 बायोसेफ्टी कैबिनेट, फ्रीजर (–40°C और 80°C), कूलिंग सेंट्रीफ्यूज आदि से लैस है। प्रो. बी. जे. राव के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी डॉ. पाकाला सुरेश बाबू और श्री इंदरप्रीत सिंह कोहली नमूने प्राप्त करने से लेकर समय पर परिणाम प्रस्तुत करने तक की गतिविधियों का समन्वय कर रहे हैं। वर्तमान में, प्रयोगशाला में आठ प्रयोगशाला तकनीशियन, पाँच डेटा एंट्री ऑपरेटर, दो तकनीकी सहायक, एक अनुसंधान सहायक, और प्रयोगशाला पर्यवेक्षक काम कर रहे हैं, जो प्रतिदिन 600–700 नमूनों का परीक्षण कर रहे हैं। प्रयोगशाला ने दिनांक 25 मार्च, 2021 से आन्ध्र प्रदेश सरकार से नमूने प्राप्त करना शुरू किया और तब से सुविधा में 50000 नमूनों का परीक्षण किया।





दिनांक 4 नवम्बर, 2020 को उद्घाटन



उपकक्ष



BSL2 बायोसेफ्टी कैबिनेट और –80°C फ्रीजर



−20°C फ्रीजर



सेंट्रीफ्यूज



ऑटोक्लेव



BSL-2 बायोसेफ्टी कैबिनेट्स और कूलिंग सेंट्रीफ्यूजेस



रियल टाइम पीसीआर मशीन

कोविड–१९ के खिलाफ लड़ाई में आईआईएसईआर तिरुपति

कोविड–19 के खिलाफ लड़ाई में आईआईएसईआर तिरुपति के प्रयास

जब मार्च 2020 में कोविड–19 महामारी की अचानक वृद्धि के कारण पूरे देश में तालाबंदी हो गई, तब आईआईएसईआर तिरुपति इस अवसर पर अपने संसाधनों और क्षमताओं को जनता तक पहुँचाने के लिए आगे बढ़ा।

संस्थान ने केन्द्र / राज्य सरकार और आईसीएमआर से सभी सांविधिक अनुमोदन के साथ परिसर में कोविड–19 परीक्षण केन्द्र की स्थापना की और आन्ध्र प्रदेश सरकार से प्राप्त नमूनों के लिए परीक्षण सेवाएँ प्रदान कर रहा है। केन्द्र की प्रतिदिन लगभग 1100 नमूनों के परीक्षण करने की क्षमता है तथा यह आन्ध्र प्रदेश सरकार और आईसीएमआर पोर्टलों पर दैनिक आधार पर परीक्षण के परिणाम प्रदान कर रहा है।

पहली लहर में चूँकि संस्थान BSL सुविधा तैयार नहीं थी, संस्थान ने अपनी RT-PCR मशीन को श्री वेंकटरेश्वर आयुर्विज्ञान संस्थान, तिरुपति के साथ साझा किया, जो कोरोना वायरस के परीक्षण और उपचार के लिए नामित अस्पताल है। संस्थान ने तकनीकी जनशक्ति के साथ सहयोग करने तथा परीक्षण उद्देश्यों के लिए उपकरण और उपभोग्य सामग्रियों के मानकीकरण में सहायता करने के लिए भी स्वेच्छा से मदद की है। आईआईएसईआर तिरुपति ने WHO के मानदंडों के अनुसार 99.8% प्रोपेनॉल के साथ 100 लीटर हैंड सैनिटाइज़र भी तैयार किया था और कोविड योद्धाओं को इसका वितरण करना संस्थान का एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा है, जिसने वर्ष 2015 में अस्थायी परिसर से अपना संचालन शुरू किया था।

अभय क्षेत्रम ट्रस्ट, मदर टेरेसा चैरिटेबल ट्रस्ट, मानसिक रूप से मंद बच्चों के लिए पास मनोविकास आवासीय विशेष स्कूल, तेलुगु तल्ली वृद्धाश्रम, आश्रय कल्याण संगठन (वरिष्ठ नागरिकों और विशेष रूप से विकलांगों के लिए पुनर्वास केन्द्र), निर्मला वृद्धाश्रम (मदर टेरेसा होम्स – तिरुपति) को उनके भोजन और स्वच्छता हेतु आवश्यक राशन प्रदान करने के लिए संस्थान के संकाय और कर्मचारियों द्वारा मानवीय और उदार योगदान प्रदान किया गया।



संस्थान ने अपने येरपेडु परिसर में प्रवासी श्रमिक आबादी को परामर्श दिया और अपने गृहनगर और अन्य राज्यों में जाने के जोखिम के बजाय अपने परिसर की सुरक्षा में रहने के लिए सलाह दी। प्रवासी श्रमिकों के लिए जागरूकता अभियान ने उनके तनाव को कम किया और उन्हें स्वच्छता बनाए रखने के लिए आवश्यक साबुन और सैनिटाइज़र प्रदान किए गए। श्रीकालहस्ती के विधानसभा सदस्य और चित्तूर के जिला कलेक्टर की मदद से, संस्थान टीटीडी से दिन में दो बार राशन और भोजन की व्यवस्था कर सका।







आईआईएसईआर तिरुपति ने प्रवासी मजदूरों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

शैक्षिक पाठ्यक्रम

बीएम–एमएस पाठ्यक्रम (बैच 2020)

स्वर्णिद्धा डेन
मुदावथ प्रवलिका
गुंजन
डी सौजन्या
सेल्वा भारती के
मनासा एन एस
शिवानी रामकृष्णन
स्नेहा पोलुदासु
पुली जागृति
आर. विगनेश्वरन
पी श्रेयथा
धारावत श्रीवाणी
आरसी विष्णु प्रशांत
सबधायिनी के बी
युवान श्रीकान्त ई
अनुकृष्ण पी
अनन्यराज
देसारी रेवती
मधुमिता कृष्णास्वामी
अर्पण रॉय मंडल
अनुप्रभा वी
सौमिक रॉय
बनावथ मेघनाद नाइक
झगन आर
लुनावथ श्याम किशोर
अनीश मुखोपाध्याय
अभिषेक रमेश सोनावने
हेमन्त साई गोलापुडी
प्रणव एम जी
पसुपुलेटी नेहा किरण
प्रियांशु राज
बालगोपाल
स्नेहाशीष नायक
निखिल कुमार
प्रेरणा प्रवीण बारगे
एस साईवेंकट

एस आर राजलक्ष्मी
मुंजुलुरी राजलक्ष्मी
कोथापल्ली तनुश्री
ऐश्वर्या सुकुमारन
सुमेधा केशवन
मनासा उप्पला
हरिणी सुरेश मारुति
चेतना एस रेड्डी
कलंगी आर साई प्रणीत
करमथोत भावना
वुक्केम लोकेश सुब्रह्मण्यम
बुक्के मनस्विनी
लक्षणा बालाजी
सायंतन मंडल
राजगोपाल पी
प्रतीक चौधुरी
सुब्रत कुमार बेहरा
अफराह मोहम्मद
अजय बेनी
एनल बैसिल
हिमानी सात्विका पी
अनमोल भगत
रुश्धा
फरसाना ए
श्वेता पी एस
दियाना मुहम्मद पीवी
अभिषेक एस पवार
हुस्ना एच
अनुग्रह राजन
कनासे अनुजा जयवंत
शेमिना एस
विक्रम रविन्द्र कदम
विराजा गिरिराज डोड्डेरी
अधिना वी
स्नेहा एल जोसेफ
धरणी पुलुकुरी


वैष्णवी
सुकुमार बी
कीर्ति ऐश्वर्या वार्शिनी एच
मारिया जेम्स एम
ऋषि चौरसिया
नीरज
निहारिका आशुतोष भट
भाव्या सुबी
सायंतन मंडल
नमिता के
अखिला अशरफ
कुणाल कमलकिशोर भोसिकर
गौरव सलवान
डर्लिन डेविस पुलिक्कोट्टिल
टीकम सविता उल्हास
गुंजन
कुटाडी उषा श्री
तेजस्वनी वेंकटरमणन
अल्ताफ सैनीन
प्रणव एस एस नायर
आयुष्मान मलिक
काव्या ई
धरणी सी एल
अथर्व विजयकुमार बिलोलिकर
सुभदीप दत्ता
विग्नेश एन
आदित्य पाणिग्रह्य
फोंडे ऐश्वर्या सुभाष
नमिता जे.पी
नंदा कृष्ण पी यू
अस्मा शिरिन टी
साक्षी गुप्ता
प्रतीक वीरेश बठिगौड़ा
करण चंद्रकान्त माली
मधुरनिल दास
शिफाना सी पी

ई हर्षिता
श्रीलक्ष्मी आर
वैष्णवी
मुफिता मजीद
महांगरे आशीष हरी
अरिजित पात्रा
दुर्गा आर एस
लक्ष्मी टी जे
अर्शजोत सिंह धालीवाल
वैष्णा रतीश
शालिनी कुमारी
नेहा आदर्श
अंजली कृष्णा के एस
श्रीहरि सई दीपिका
रोशन अनिल
गब्बी रेड्डी विजय कुमार रेड्डी
रजनीश श्रीराज
वर्षा कंठ कटरागड्डा
अपर्णा डी
विष्णुप्रिया के
श्वेतापद्मासन
नफीसथ हलीना तबस्सुम
साद अहमद खान अतहर जमील ए खान
कांबले प्रशांत वैजनाथ
जसना तसनीम
सोमदत्ता रॉय
शिवांगी बातिश
मिट्टा कडपा रेवन्त
वेंकट शशांक
चौहान अर्जुन
व्युकुंता पल्लवी
दामोदर मनाली गौतम
अभिरुचि साह
ऐश्वर्या विजय
एस देविका सजीव
रिफाना के एन
मालविका एम
अभिन्य पी
अत्मिका प्रजेश
दिया राज एन
अरिजित शंकर बनर्जी
संस्कृति सक्सेना
सेजल खन्ना
अश्विन एंटो पी
कल्याणी बी
स्वातिकृष्ण एम
दर्शन दामोदरन
नयनतारा जे आर
कृष्णा प्रिया एस
गोधूली
मधुस्मिता महंत
विष्णु रामदास
दुदेकुला शेक्षावली
सेन्थिलवेल ए
मुकेश कुमार केबी
मीनाश्री वी
शनमधि एम आर शिवभारती
अमल फातिमा
स्वरदा देशपांडे
रंगारी रोहिणी रेड्डी
अमन स्पर्श
अष्टमी बी
आदित्य सुरेश
अपर्णा सी

दाखिल किए गए छात्रों की संख्या	172
लड़के	66
लड़कियाँ	106

इन्स्पायर	28
केवीपीवाइ	0
एससीबी	169
जेईई	3

श्रेणी	छात्रों की संख्या
सामान्य	62
ओबीसी–एनसी	52
अनुसूचित जाति	30
अनुसूचित जनजाति	12
सामान्य ईडब्ल्यूएस	16
कुल	**172**



बीएस–एमएस पाठ्यक्रम में छात्रों का वर्षवार प्रवेश

एकीकृत पीएचडी पाठ्यक्रम (आईपीएचडी)

(विभागवार छात्रों के नाम)

जीव विज्ञान

श्री साईराम चैतन्य वेत्तम
साहिल हसन कबीर
अनीशा अधिकारी
प्रिया अगरवाल
प्रज्ञा पहचान

रसायन विज्ञान

केमलिया दत्ता
आकाश आर

गणित

यजुशी श्रीवास्तव

पीएचडी पाठ्यक्रम

(विभागवार छात्रों के नाम)

जीव विज्ञान

अभिलाषा
चिति अरविन्द
देवीदत्त सामंतराय
बोपार्डिकर ईशा शेखर सुचिता
राकेश कुमार मुनि
सतरदेकर रोहित किशोर
श्रुति श्री
स्वाति जी

रसायन विज्ञान

बुकानेल्ली राची रेड्डी
अर्पिता दास
कमलदीप
बत्तुलुरी श्रीधर
अलीदा सचिन
बिकाश रंजन इसाक
जुमाना हासिन एम
अरुणिमा वर्मा
अश्वथ के

भौतिक विज्ञान

थिपे भूषण हरिश्चंद्र
अनघा ए जी

पीएचडी और एकीकृत पीएचडी छात्रों का विवरण (बैचवार; महिला/पुरुष)

	पीएचडी जनवरी–2021	एकीकृत पीएचडी अगस्त–2020
पुरुष	08	04
महिला	11	04
कुल	**19**	**08**

विभागवार प्रवेश

विभाग	पीएचडी जनवरी– 2021	एकीकृत पीएचडी–2020
जीव विज्ञान	08	05
रसायन विज्ञान	09	02
गणित	00	01
भौतिक विज्ञान	02	00
पृथ्वी और जलवायु विज्ञान	00	00
कुल	**19**	**08**

अध्येतावृत्तिवार: छात्रों की संख्या

अध्येतावृत्ति	पीएचडी – 2021
सीएसआईआर–नेट–जेआरएफ	01
यूजीसी–जेआरएफ	03
डीबीटी–जेआरएफ	01
इन्स्पायर–डीएसटी	02
आईआईएसईआर तिरुपति	11
एनएफओबीसी	01
कुल	**19**

पोस्ट डॉक्टरेट अनुसंधान अध्येता –2020-21

जीव विज्ञान

डॉ. मेघना नतेश
डॉ. मल्लू गोवर्धन
डॉ. विष्णु कुमार शुक्ला
डॉ. सरिता चंदन शर्मा
डॉ. मोहित सिंह
डॉ. रविचंद्र शिवलिंगप्पा
श्री एम. बालाजी

रसायन विज्ञान

डॉ. गेम्बली राजू
डॉ. प्रमोद प्रभाकर भिंगरदेव
डॉ. सोमनाथ घोष
डॉ. अरिजीत मंडल
डॉ. पवुलुरी पवन कुमार
श्री रंगराजन बी
डॉ. कृति जोशी
डॉ. नायर तुलसी राधाकृष्णन

गणित

श्री अरिजीत मुखर्जी
श्री के. अरुण कुमार

भौतिक विज्ञान

डॉ. डिंटोमोनजॉय जे.
डॉ. वाई आर मंजूषा
डॉ. सुमन सरकार

एनपीडीएफ

डॉ. के. राजा शेखर वर्मा (जीव विज्ञान)
डॉ. सुलेखा अधिकारी (जीव विज्ञान)

नए संकाय और कर्मचारी सदस्य

अभिनंदन

डीएसटी–इन्स्पायर संकाय



डॉ. देबाशीष कोनेर
सहायक प्रोफेसर
(रसायन विज्ञान)



डॉ. हुसैन भुक्या
सहायक प्रोफेसर
(जीव विज्ञान)

महिला वैज्ञानिक (डीबीटी)



डॉ. मौसुमी बनर्जी
(रसायन विज्ञान)

प्रशासनिक कर्मचारी



श्री एम.पी. बालामुरुगन
उप कुलसचिव



श्री वी. दीपक चोडिपल्ली
सहायक कुलसचिव



डॉ. अर्चना अरिजिली
चिकित्सा अधिकारी



सुश्री निखिलाश्री वर्दी
कार्यालय सहायक



श्री अजयकुमार गुनुरु
कार्यालय सहायक



श्री वेंकटरत्नम एन
कार्यालय सहायक



श्री विवेक कुम्बार
पुस्तकालय सूचना सहायक



श्री वंकार प्रद्युम्नु
प्रयोगशाला तकनीशियन, भौतिक विज्ञान

प्रस्तुत पाठ्यक्रम

बीएस–एमएस पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम के पहले चार सेमेस्टर I-IV के लिए सभी विज्ञानों में मूलभूत पाठ्यक्रम प्रदान करता है। इसके बाद एमएस स्तर पर उन्नत पाठ्यक्रम होता है, सेमेस्टर V-VIII में छात्रों को अपनी रूचि और झुकाव के आधार अपने पाठ्यक्रमों को चुनने का विकल्प होता है।

आईआईएसईआर तिरुपति **खुले पाठ्यक्रम** का अनुसरण करता है जिसमें छात्रों को अपने पाठ्यक्रम चुनने, अपने पाठ्यक्रम की योजना बनाने की स्वतंत्रता होती है। उन्नत पाठ्यक्रम दो प्रकार के होते हैं: 4 क्रेडिट और 3 क्रेडिट के साथ, और वे व्याख्यान/प्रयोगशाला (प्रयोगाात्मक/कम्प्यूटर) पाठ्यक्रम हो सकते हैं। **4 क्रेडिट** वाले पाठ्यक्रम कोर पाठ्यक्रम होते हैं जिनमें एक सेमेस्टर में 40 व्याख्यान / संपर्क घंटे होते हैं। उनका उद्देश्य विषय की बुनियादी और गहराई से समझ प्रदान करना है। **3 क्रेडिट** वाले पाठ्यकमों में एक सेमेस्टर में 30 व्याख्यान/संपर्क घंटे होते हैं और वे अंतर्विषयक या उन्नत या विषय वस्तु में विशिष्ट हो सकते हैं।

एकीकृत पीएचडी पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए उन्नत पाठ्यक्रम सामान्य हैं, जहाँ छात्र प्रत्येक विषय में आवश्यकताओं के अनुसार पाठ्यक्रम चुनते हैं। कुछ उन्नत स्तर के पाठ्यक्रम पीएचडी छात्रों के लिए भी खुले हैं। इसके अलावा, शोध छात्रों को विशेष विषयों में केन्द्रित प्रशिक्षण और कौशल विकास प्रदान करने के लिए हाल ही में **मॉड्यूलर पाठ्यक्रम** नामक पाठ्यक्रमों का एक सेट प्रस्तुत किया गया है।

महामारी कोविड–19 के कारण लॉक डाउन अवधि के दौरान शैक्षिक गतिविधियों को जारी रखने के लिए, आईआईएसईआर तिरुपति जी–मीट और जूम प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अप्रैल 2020 से ऑनलाइन शिक्षण की ओर बढ़ा। व्याख्यानों के बीच अंतराल के साथ नियमित समय–सारणी के साथ व्याख्यान ऑनलाइन आयोजित किए गए ताकि छात्रों को लगातार स्क्रीन पर रहने की आवश्यकता न हो।

हालाँकि, मानसून 2020 और स्प्रिंग 2021 के सेमेस्टर ख–खत में प्रयोगशाला पाठ्यक्रम आयोजित नहीं किए जा सके क्योंकि छात्र प्रयोगशालाओं में शारीरिक रूप से मौजूद नहीं थे। इनमें से कुछ प्रयोगशाला पाठ्यक्रम अगले सेमेस्टर के लिए स्थगित कर दिए गए हैं, जबकि अन्य को ग्रीष्म 2021 में वर्चुअल प्रयोगशालाओं के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। स्प्रिंग 2021 में भौतिक विज्ञान की उन्नत प्रयोगशालाओं को हाइब्रिड मोड में पूरा किया गया क्योंकि छात्र महामारी की दूसरी लहर की शुरुआत से पहले कुछ समय के लिए परिसर में वापस आ गए थे।

मानसून 2020 और स्प्रिंग 2021 में प्रस्तुत किए गए पाठ्यक्रमों की सूची उनके विवरण के साथ नीचे सूचीबद्ध है।

मानसून सेमेस्टर 2020 में प्रस्तुत किए गए पाठ्यक्रम

सेमेस्टर I–बीएस एमएस पाठ्यक्रम

पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम शीर्षक	समन्वयक/अनुदेशक	क्रेडिट
BIO110	आधारभूत जीव विज्ञान	डॉ. ईश्वर रामी रेड्डी	0
BIO111	मूल जीव विज्ञान I: आधारभूत सिद्धान्त	डॉ. स्वरूप रॉय चौधरी, प्रो. बी. जे. राव, डॉ. नंदिनी राजमणि और डॉ. सुचि गोयल	3
CHM111	सामान्य रसायन विज्ञान	डॉ. किरण कुमार* और प्रो. के. विजयमोहनन पिल्लै	3
HSS110	प्रयोजनमूलक अंग्रेजी	डॉ. पी. लक्ष्मण राव	0
IDC111	गणितीय पद्धतियाँ I	डॉ. रघुनाथ ओ रामभद्रन	3
MTH110	आधारभूत गणित	डॉ. गिरजा शंकर त्रिपाठी	0
MTH111	गणित का परिचय	डॉ. सी. जी. वेंकटसुब्रमणियन और डॉ. अनिलत्मजा आर्यसोमायाजुला	3
PHY111	मूल भौतिकी I: शास्त्रीय यांत्रिकी	डॉ. दिलीप मम्पल्लिल	3

सेमेस्टर III–बीएस एमएस पाठ्यक्रम

पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम शीर्षक	समन्वयक/अनुदेशक	क्रेडिट
BIO211	मूल जीव विज्ञान III: क्रमिक विकास और पारिस्थितिकी	डॉ. वी. वी. रोबिन	3
BIO213	समाज के लिए जीव विज्ञान	डॉ. अन्नपूर्णा देवी अल्लू*, डॉ. रामकुमार सम्बासिवन, डॉ. राजू मुखर्जी, प्रो. बी.जे. राव	3
CHM211	अकार्बनिक रसायन विज्ञान	डॉ. अरुण कुमार बार	3
MTH211	बहुचरीय गणना	डॉ. गिरजा शंकर त्रिपाठी	3
PHY211	मूल भौतिकी III: विद्युत एवं चुम्बकत्व	डॉ. रवि कुमार पुजाला	3

सेमेस्टर V एवं VII – बीएसएमएस, सेमेस्टर I एवं III – एकीकृत पीएचडी और पीएचडी के लिए प्रस्तुत पाठ्यक्रम

पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का नाम	अनुदेशक/कों का नाम	क्रेडिट	के लिए खुले सेमेस्टर		
				बीएस एमएस	एकीकृत पीएचडी	पीएचडी
जीव विज्ञान						
BIO308	सामान्य जीव विज्ञान	डॉ. वसुधारानी देवनाथन डॉ. संजय कुमार	2		I	
BIO309/609	क्रमिक विकास और पारिस्थितिकी	डॉ. वी. वी. रोबिन* और डॉ. नंदिनी राजमणि	4		I	Y
BIO311/611	परिचयात्मक प्रतिरक्षा विज्ञान	डॉ. वी. शिवकुमार	4	V, VII	I	Y
